08/12/2025

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। राष्ट्रीय गीत, बंकिमचंद्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में लिखा था। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी और स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वंदे मातरम का स्मरण इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी आखिरी सांस तक वंदे मातरम का जयघोष किया।

Byte PM on Vnade Mataram

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने 4 कोर के तहत 11 पैरा स्पेशल फोर्स टीम को माउंट कांगतो पर ऐतिहासिक और शानदार चढ़ाई के लिए बधाई दी। इस शानदार कामयाबी के साथ, 11 पैरा SF टीम अरुणाचल प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने वाली पहली माउंटेनियरिंग टीम बन गई है। आज ईटानगर स्थित लोक भवन, में टीम से बात करते हुए, राज्यपाल ने उनके पक्के इरादे और अदम्य साहस की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य अब पर्यटन को और बढ़ावा देने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोहियों के लिए अपने माउंटेनियरिंग रूट खोल सकता है।

उन्होंने कहा कि इस कदम से एडवेंचर टूरिज्म को काफी बढ़ावा मिलेगा, स्थानिय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं के लिए आजीविका के और अवसर बनेंगे। गत 26 नवंबर 2025 को, माउंट कांगतो पर पहली बार तिरंगा फहराया गया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के सीमा और दूर-दराज के गांवों को देखने का लोगों का नज़रिया बदल दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि अब लोग उन्हें भारत का आखिरी गांव नहीं बल्कि भारत के पहले गांव के तौर पर पहचानने लगे हैं। उन्होंने लिखा कि राज्ये के गांव भले ही सिमाओं पर स्थित हों, लेकिन वे हमारे देश के द्वार, सीमा के रखवाले और भारत की शान हैं। मागो गांव का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि यह गांव इस बदलाव का एक शानदार उदाहरण है, जहां अब विकास, सम्मान और प्राथमिकता सबसे पहले दी जाती है।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया है कि 1 से 7 दिसंबर के बीच 5 लाख 86 हज़ार 7 सौ से ज़्यादा पैसेंजर नेम रिकॉर्ड-PNR कैंसिल किए गए और रिफंड किए गए, जिससे 569 करोड़ रुपये से ज़्यादा का भुक्तान किया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि कुल 9 हज़ार बैग में से 4 हज़ार 500 बैग कस्टमर्स को डिलीवर कर दिए गए हैं, और बाकी बैग अगले 36 घंटों में डिलीवर कर दिए जाएंगे।

0000000000000000000000

मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने और सह-अस्तित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, वेस्ट सियांग ज़िले के पोतोम गांव के लोगों ने वाइल्डलाइफ़ ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया, ईस्टर्न हिमालयज़ प्रोजेक्ट और स्मॉल वाइल्ड कैट कंज़र्वेशन फ़ाउंडेशन के सहयोग से पहला मिथुन बैंक बनाया गया है। जिसका उद्देश्य मिथुन के शिकार से प्रभावित परिवारों की मदद करना और समुदाय के नेतृत्व वाले संरक्षण प्रयासों को मज़बूत करके मिथुन की हत्याओं को कम करना है। इस पहल के तहत, साझेदार संगठनों ने सीड बैंक के लिए दो मादा मिथुन प्रदान किए है।

0000000000000000000000

सरकार ने एक वायरल ईमेल का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने नागरिकों से ई-पैन कार्ड डाउनलोड करने को कहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह ईमेल फ़र्ज़ी है। जांच इकाई ने नागरिकों को ऐसे ईमेल, लिंक, कॉल और SMS का जवाब न देने की सलाह दी है, जिनमें उनसे वित्तीय जानकारी साझा करने को कहा जाता है।

0000000000000000000000

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने संस्थान से छात्राओं और महिला कर्मचारियों के लिए प्रोग्राम, कॉन्फ्रेंस और सेमिनार ऑर्गनाइज़ करने आहवान किया है।

एक आधिकारिक बयान में, UGC ने कहा कि यह कदम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, 2020 के अनुसार है, ताकि जेंडर सैंसिटाइज़ेशन, लीडरशिप डेवलपमेंट और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। इसमें कहा गया है कि हायर एजुकेशन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना न केवल बराबरी, बल्कि राष्ट्र के विकास के लिए भी ज़रूरी है।

0000000000000000000000

9 दिसंबर को तीन अलग-अलग संगठनों द्वारा ईटानगर कैपिटल रीजन में 12 घंटों बंद के मद्देनज़र, ईटानगर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने बंद का आह्वान करने वालों को प्रस्तावित बंद को वापस लेने के निर्देश जरी किए गए है। BNSS के सेक्शन 163 के तहत एक आधिकारिक आदेश में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों को गंभीरता से लिया जाएगा और उनके खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

0000000000000000000000